भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न 2855**

10 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

**विषय: चक्रवातों के कारण फसलों का नुकसान**

**2855. श्री ससिकांत सेंथिलः**

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु में भारी वर्षा, बाढ़ और चक्रवातों के कारण तिरुवल्लुर जिले सहित वर्ष-वार और जिला-वार कुल कितना फसल क्षेत्र क्षतिग्रस्त हुआ है;

(ख) तमिलनाडु सरकार द्वारा उक्त वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान कृषि को हुए कुल वित्तीय नुकसान का कितना आकलन किया गया है और केंद्र सरकार से कितनी वित्तीय सहायता की मांग की गई है;

(ग) केंद्र सरकार द्वारा उक्त अवधि के दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) या किसी अन्य मद के अंतर्गत तमिलनाडु को अनुमोदित और जारी की गई सहायता की कुल राशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) गत पांच वर्षो के दौरान तमिलनाडु और विशेषकर तिरुवल्लुर जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत मुआवजा प्राप्त करने वाले किसानों की कुल संख्या कितनी है और निपटाए गए दावों, लंबित दावों और दावों के निपटान में लगने वाले औसत समय का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री भागीरथ चौधरी)**

(क): आपदा से होने वाली क्षति के आकलन और प्रबंधन सहित आपदा के लिए प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की होती है। राज्य सरकारों के प्रयासों में सहयोग हेतु केंद्र सरकार आवश्यक लॉजिस्टिक (संसाधन) और वित्तीय सहायता प्रदान करती है। राज्य सरकारें चक्रवात और बाढ़ सहित 12 अधिसूचित प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में भारत सरकार द्वारा स्वीकृत मदों और मानकों के अनुसार, पहले से ही उपलब्ध राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) से प्रभावित लोगों को वित्तीय राहत प्रदान करती हैं। हालाँकि, गंभीर प्रकृति की आपदा की स्थिति में, निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) से अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसके लिए एक अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) के दौरे और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकार द्वारा एनडीआरएफ के तहत सहायता के लिए प्रस्तुत ज्ञापन के आधार पर आकलन किया जाता है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के तहत प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता राहत के रूप में होती है, मुआवजे के रूप में नहीं।

गृह मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंत्रालय किसी भी प्राकृतिक आपदा के कारण फसल क्षेत्र के नुकसान का डेटा केंद्रीकृत रूप से नहीं रखता है। हालांकि, वर्ष 2020-21 से 2024-25 के दौरान हाइड्रोमेट्रोलॉजिकल आपदाओं के कारण फसल क्षेत्र के नुकसान का विवरण निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **प्रभावित फसल क्षेत्र (लाख हेक्टेयर में)** |
|---|---|
| 2020-21 | 4.63 |
| 2021-22 | 0.83 |
| 2022-23 | 1.53 |
| 2023-24 | 0.36 |
| 2024-25 | 2.92 |

(ख): तमिलनाडु सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, केंद्र सरकार से वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक के वर्षों के लिए मांगी गई वित्तीय सहायता की राशि निम्नानुसार है:-

| **वर्ष** | **कृषि फसलों के लिए प्रस्तावित फंड (करोड़ रुपये में)** |
|---|---|
| 2021-22 | 174.6600000 |
| 2022-23 | 374.2800000 |
| 2023-24 | 284.9400000 |
| 2024-25 | 545.5600000 |
| 2025-26 | 386.1952635 |
| **कुल** | **1765.6352635** |

(ग): वर्ष 2020-21 से 2024-25 के दौरान एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के तहत फंड के आवंटन/रिलीज़ का विवरण निम्नानुसार है:-

(**करोड़ रुपये में**)

| वर्ष | **केन्द्र और राज्य की हिस्सेदारी सहित एसडीआरएफ के तहत आवंटन** | **एसडीआरएफ का जारी केन्द्रीय हिस्सा** | **एनडीआरएफ से रिलीज (सभी आपदाओं के लिए)** |
|---|---|---|---|
| 2020-21 | 1088.00 | 816.00 | 286.91 |
| 2021-22 | 1088.00 | 816.00 | 556.36 |
| 2022-23 | 1142.40 | 856.80 | --- |
| 2023-24 | 1200.00 | 900.00 | --- |
| 2024-25 | 1260.00 | 944.80 | 360.09 |

(घ): तमिलनाडु (थिरुवल्लूर सहित) में पीएमएफबीवाई के तहत पंजीकृत किसान आवेदनों, भुगतान किए गए दावों, लंबित दावों तथा लाभान्वित किसान आवेदनों का पिछले पांच वर्षों अर्थात 2020-21 से 2024-25 तक का जिला-वार विवरण (दिनांक 31.12.2025 तक) **संलग्न** है।

अनुबंध

| जिले का नाम (तमिलनाडु) | पंजीकृत आवेदन | भुगतान किए गए दावे (करोड़ रुपये में) | लंबित दावे | लाभान्वित किसान आवेदन |
|---|---|---|---|---|
| अरियालुर | 10,16,436 | 117.93 | 5.39 | 5,58,975 |
| चेंगलपट्टू | 78,336 | 12.06 | 0.17 | 38,403 |
| कोयंबटूर | 8,147 | 5.13 | 0.05 | 5,717 |
| कुड्डालोर | 21,58,424 | 442.19 | 15.28 | 11,69,076 |
| धर्मपुरी | 1,05,834 | 33.64 | 0.03 | 59,740 |
| डिंडीगुल | 82,897 | 26.69 | 0.07 | 44,619 |
| इरोड | 12,952 | 6.64 | 0.03 | 9,063 |
| कल्लाकुरिची | 9,88,328 | 146.43 | 0.29 | 6,17,284 |
| कांचीपुरम | 2,22,132 | 59 | 0 | 1,24,326 |
| कन्याकुमारी | 22,077 | 2.73 | 0.00 | 11,047 |
| करूर | 1,04,491 | 24.61 | 0.03 | 50,308 |
| कृष्णागिरी | 24,918 | 5.59 | 0.02 | 12,484 |
| मदुरै | 2,71,803 | 49.48 | 0.05 | 1,29,612 |
| मयिलादुथुराई | 14,08,521 | 251.85 | 23.17 | 7,03,134 |
| नागपट्टिनम | 19,46,816 | 437.84 | 0.57 | 7,59,642 |
| नमक्कल | 2,72,332 | 100.07 | 2.81 | 1,84,791 |
| पेरम्बलुर | 7,70,398 | 202.53 | 0.38 | 4,29,711 |
| पुदुक्कोट्टई | 15,67,761 | 182.43 | 0.07 | 4,00,801 |
| रामनाथपुरम | 28,50,386 | 505.38 | 0.35 | 6,34,095 |
| रानीपेट | 2,17,034 | 39.11 | 0.16 | 98,044 |
| सलेम | 1,20,467 | 27.61 | 0.04 | 61,586 |
| शिवगंगा | 17,56,344 | 120.33 | 0.01 | 2,57,705 |
| तेनकासी | 5,89,165 | 115.13 | 0.10 | 2,91,616 |
| तंजावुर | 24,26,829 | 619.09 | 9.68 | 8,93,441 |
| नीलगिरी | 4,033 | 0.84 | 0.00 | 726 |
| थेनी | 2,986 | 1.42 | 0.00 | 1,829 |
| ***थिरुवल्लूर*** | ***8,87,569*** | ***147.38*** | ***2.21*** | ***4,73,316*** |
| थिरुवरुर | 30,61,225 | 739.05 | 3.69 | 12,53,731 |
| थूथुक्कुडी | 6,63,487 | 274.25 | - | 3,96,800 |
| तिरुचिरापल्ली | 7,62,554 | 182.13 | 0.66 | 3,00,456 |
| तिरुनेलवेली | 1,33,868 | 49.94 | 0.08 | 72,461 |
| तिरुपथुर | 46,958 | 16.58 | 0.03 | 38,186 |
| तिरुप्पुर | 21,638 | 13.81 | 0.07 | 6,893 |
| तिरुवन्नामलाई | 8,27,125 | 118.46 | 0.04 | 3,45,053 |
| तूतीकोरिन | 9,63,382 | 337.15 | 1.83 | 4,69,045 |
| वेल्लोर | 22,065 | 20.30 | 0.00 | 17,865 |
| विल्लुपुरम | 14,97,292 | 291.93 | 15.83 | 7,58,610 |
| विरुधुनगर | 8,48,306 | 189.92 | 0.16 | 3,86,716 |
| **कुल (तमिलनाडु)** | **2,87,65,316** | **5,917.16** | **83.36** | **1,20,66,907** |

*****